नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : .................. दिनांक : 28.08.2020

# प्रकाशनार्थ

कोरोना (कोविड–19) का खौफ आज पूरी दुनिया को आतंकित किये हुए है। विश्व के अनेक देशों की आर्थिक, सामरिक एवं शैक्षणिक व्यवस्थाएं बुरी तरह से प्रभावित हैं। देश के लगभग सभी शिक्षण संस्थान अपनी सामान्य गतिविधियों को भी सम्पादित करने में असमर्थ नजर आ रहें हैं। विद्यार्थी बिना परीक्षा अगली कक्षाओं में प्रमोट हो रहे हैं, नये विद्यार्थियों का प्रवेश नही हो पा रहा है, शैक्षिक सत्र विलम्ब होता जा रहा है। इन सबके बावजूद देश का एक शिक्षण संस्थान ऐसा भी है जो एक अगस्त से ही न सिर्फ स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर अन्तिम वर्ष की ऑनलाइन कक्षा पढ़ा रहा है अपितु भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में राजनीति के प्रथम पाठशाला के रुप में माने जाने वाली संस्था छात्रसंघ का चुनाव भी करा रहा है। **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के प्रबन्धन वाले महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज ऑनलाइन छात्रसंघ चुनाव का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।** तीन दिनों तक चलने वाली इस मैराथन ऑनलाइन चुनाव प्रक्रिया के प्रथम चरण में 26 अगस्त 2020 को सभी विषयों के शिक्षकों द्वारा अपने–अपने ऑनलाइन कक्षाध्यापन ग्रुप पर **गूगल फार्म** पर प्रश्न पत्र बनाकर भेजा गया। विद्यार्थी द्वारा प्रश्न पत्र में दिये गये उत्तर के आधार पर **प्राप्त प्राप्तांक, विषय कक्षा में उसकी उपस्थिति तथा उसके आचरण एवं व्यवहार पर आधारित शिक्षको द्वारा दिये गये अंको के योग के आधार पर कक्षा प्रतिनिधि का चुनाव हुआ।** इन्ही कक्षा प्रतिनिधियों में से 26 अगस्त 2020 की शाम 6 बजे से 9 बजे तक **अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री तथा पुस्तकालय मंत्री** के पदों पर विद्यार्थियों ने पर्चा भरा। 27 अगस्त 2020 की सुबह 9 बजे तक उम्मीदवारों के पर्चों की जांच की गयी। तदुपरान्त उम्मीदवारों को अपने चुनाव प्रचार का एक मात्र साधन **योग्यता भाषण** का मौका दिया गया। सभी उम्मीदवार 27 अगस्त 2020 को 12:30 पर महाविद्यालय परिसर पहुँचे। एक–एक कर सभी उम्मीदवारों ने सामाजिक दूरी का पालन करते हुए अपनी बात रखी। पहले से ही मतदान हेतु पंजीकृत 1268 विद्यार्थियों के ईमेल पर **योग्यता भाषण का यू–ट्यूब लिंक** योग्यता भाषण के कुछ समय पूर्व भेजा गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों नें प्रत्याशियों की बातों को सुना। **आज 28 अगस्त 2020 को प्रातः 8:00 बजे से मतदान प्रारम्भ हुआ।**

7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com


**मतदान का लिंक ठीक 8:00 बजे पंजीकृत मतदाताओं के ईमेंल पर भेजा गया। लिंक को खोलकर मतदाता विद्यार्थियों ने अपने पसन्द के प्रत्याशी को अपना मत दिया।**

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि किसी भी योजना का निर्माण यदि प्रबन्धात्मक रुप में ठीक से किया जाय तो योजना के क्रियान्वयन में कोई दिक्कत नही आ सकती। निःसन्देह छात्रसंघ शिक्षण संस्थाओं का एक महत्वपूर्ण घटक तो है ही, विद्यार्थियों के नेतृत्व क्षमता को विकसित करने वाला उत्तम प्लेटफार्म भी है। आज के चुनाव को महाविद्यालय प्रशासन की ठोस योजना, कुशल प्रबन्धन और विद्यार्थी अनुशासन के आलोक में देख जाना चाहिए। बिना किसी शोर–शराबे, हुड़दंग एवं अराजकता के ऑनलाइन चुनाव सम्पन्न होना महाविद्यालय की विशेष उपलब्धियों में से एक है।

चुनाव अधिकारी डॉ. विजय कुमार चौधरी नें विजयी प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए बताया कि पंजीकृत 1268 मतदाताओं में से 693 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रतिशत 53% रहा अध्यक्ष पद पर श्री सत्य प्रकाश तिवारी को 398 मत प्राप्त हुए। निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री अरुण शर्मा को 150 मत प्राप्त हुए। जबकी तीसरे स्थान पर रहे श्री राम सकल प्रसाद को 145 मत प्राप्त हुए। **अध्यक्ष पद पर श्री सत्य प्रकाश तिवारी 248 मतों से विजयी हुए। उपाध्यक्ष पद पर सुश्री शशिकला गौड़ 85 मतों के अन्तर से विजयी घोषित हुई।** सुश्री शशिकला गौड़ को 389 जबकी उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी राकेश कुमार को 304 मत प्राप्त हुए। **महामंत्री पद पर श्री अभय राज वर्मा 30 मतों से विजयी हुए।** श्री अभय राज वर्मा को 278 मत प्राप्त हुए जबकी उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री सुमित सिंह को 248 मत प्राप्त हुए। तीसरे स्थान पर रहे अनुराग सिंह को 167 मत प्राप्त हुए। **पुस्तकालय मंत्री के पद पर श्री राकेश गुप्ता ने 241 मतों से विजय प्राप्त की।** श्री राकेश गुप्ता को 452 मत मिले जबकी उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री सन्देश सिंह को 241 मत प्राप्त हुए।

सभी विजयी प्रत्याशियों को चुनाव अधिकारी डॉ. विजय कुमार चौधरी नें शुभकामना सहित प्रमाण पत्र प्रदान किया।

**(डॉ. विजय कुमार चौधरी)**
चुनाव अधिकारी

नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक : 28.08.2020

# छात्र संघ चुनाव, 2020–21 में प्राप्त मत विवरण एवं परिणाम

**कुल मतदाता – 1268, कुल मतदान – 693, मतदान प्रतिशत – 55%**

| प्रत्याशी | नाम | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | श्री सत्य प्रकाश तिवारी | 398 | 57 |
| | श्री राम सकल प्रसाद | 145 | 21 |
| | श्री अरुण शर्मा | 150 | 22 |
| उपाध्यक्ष | श्री राकेश कुमार | 304 | 44 |
| | सुश्री शशिकला गौड़ | 389 | 56 |
| महामंत्री | श्री अभय राज वर्मा | 278 | 40 |
| | श्री सुमित सिंह | 248 | 36 |
| | श्री अनुराग सिंह | 167 | 24 |
| पुस्तकालय मंत्री | श्री राकेश गुप्ता | 452 | 65 |
| | श्री सन्देश सिंह | 241 | 35 |

## विजयी प्रत्याशी

**अध्यक्ष – श्री सत्य प्रकाश तिवारी**

**उपाध्यक्ष – सुश्री शशिकला गौड़**

**महामंत्री – श्री अभय राज वर्मा**

**पुस्तकालय मंत्री – श्री राकेश गुप्ता**

(डॉ. विजय कुमार चौधरी)
चुनाव अधिकारी